<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक–31.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के एकदिवसीय दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री ने आज अहमदाबाद के साणंद में केयंस सेमीकॉन प्लांट का उदघाटन किया। इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के तौर पर देखा जा रहा है, जिससे मेड इन इंडिया की अवधारणा को नया आयाम मिलेगा। इससे पहले प्रधानमंत्री ने गांधीनगर के कोबा तीर्थ में सम्राट सम्प्रति संग्रहालय का उदघाटन किया। इस मौके पर श्री मोदी ने वोट बैंक की राजनीति की आलोचना करते हुए सबका साथ सबका विकास के मंत्र को दोहराया।

****

चालू वित्तीय वर्ष का आज आखिरी दिन है। कोषागारों में विपत्रों को निपटाने की कवायद तेज है। सरकार के लिए भी आज का दिन काफी अहम है। बजटीय आवंटन के जरिये विकास को नया आयाम देने में सरकार जुटी है। कल नये वित्तीय वर्ष से झारखंड समेत देशभर में कई नये नियम भी लागू हो रहे हैं।

****

रांची नगर निगम ने टैक्स कलेक्शन में नया कीर्तिमानबनाया है। कर दाताओं को लुभाने के लिए निगम ने आज तकऑनलाइन टैक्स जमा करने पर पांच प्रतिशत और जन सुविधा केंद्र पर ढाई फीसदी छूट का ऐलान किया है। कर नहीं देनेवालों पर कल से जुर्माना भी लगेगा।

****

राज्य में विकास गतिविधियों को तेज करने के लिए केन्द्र सरकार पर्याप्त मदद दे रही है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग ने 15वें वित्त आयोग के तहत झारखंड के लिए चार सौ दस करोड़ रूपये से अधिक की टाइड जारी की है। इस राशि का उपयोग गांवों में स्वच्छता और पेयजल की उलब्धता बढ़ाने के लिए किया जाएगा।

****

झारखंड समेत देशभर में कल से जनगणना का पहला चरण शुरु हो रहा है, जो तीस सितंबर तक चलेगा। सुविधा के अनुसार राज्य अपनी तीस दिनकी अवधि निर्धारित करेंगे। इस बार डिजिटल माध्यमों से दो चरणों में डेटा संग्रह होगा। पहले चरण में घरों की सूचीबद्धता, निर्माण सामग्री, स्वामित्व, बुनियादी सुविधाओं जैसे डेटा जुटाए जाएंगे। जनगणना का दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में होगा जिसमें आबादी, जाति, धर्म, शिक्षा और रोजगार जैसी चीजों की गणना होगी।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शराब घोटाला मामले पर एक बार फिर राज्य सरकार को घेरते हुए कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने लोकभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज मुलाकात कर एसीबी को साढ़े सात सौ करोड़ रूपये से अधिक शराब घोटाला मामले में तुरंत चार्जशीट दाखिल करने के लिए निर्देश देने का आग्रह किया। साथ ही एसीबी की कथित संदेहास्पद भूमिका और संपूर्ण प्रकरण की सीबीआई से जांच कराने की मांग की।

****

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के0 राजू ने कहा है कि पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर संवेदनशील है। रांची में आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री राजू ने कहा कि पेसा कानून के बेहतर क्रियान्वयन और ग्राम सभा को सशक्त बनाने के प्रयास हो रहे हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रशिक्षण कार्यक्रम एक नियमित प्रक्रिया है। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और मंत्री राधाकृष्ण किशोर समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

****

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती पर झारखंड समेत देश भर में आज हर्ष और उल्लास का माहौल है। भगवान महावीर के पांच महाव्रत के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। महावीर जयंती को लेकर राज्यभर में जैन धर्मावलंबियों द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु अहिंसा परमोधर्म का संदेश देने वाले भगवान महावीर के जयकारे लगा रहे थे। ध्वज लेकर लोगों ने सत्य, अहिंसा, सहअस्तित्व और करूणा का संदेश दिया।

****

राज्य में मौसम के बदले मिजाज ने इस बार लोगों को चौंकाया है। अधिकांश हिस्सों में पिछले कई दिनों से दोपहर बाद बारिश की बूंदे बरस रही हैं, जिससे चढ़ते तापमान पर थोड़ा अंकुश लगा है। मौसम विज्ञान केन्द्र के पूर्वानुमान के मुताबिक राज्य के कई हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के आसार हैं। देवघर, दुमका और गिरिडीह समेत कुछ अन्य जिलों में आज ओलावृष्टि की आशंका है, जिसे लेकर चेतावनी जारी की गयी है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी आज और कल आंधी तथा वज्रपात की संभावना है। अगले चौबीस घंटे के दौरान तापमान में थोड़ी गिरावट हो सकती है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान हजारीबाग में सर्वाधिक पैंतीस मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। इस दौरान डालटनगंज में उच्चतम तापमान चालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

*******समाप्त***************